तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 15 दिसंबर 2023




प्रधानमंत्री फसल बीमा प्रचार रथ की पुसौर में अगवानी





## खबर संक्षेप

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 19 को

रायगढ़। निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए 19 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे से रायगढ़ रोजगार मितान पोर्टल में पंजीकृत अपंजीकृत सभी आवेदकों के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि में योग्यतानुसार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में उपस्थित होकर भाग ले सकते है। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से अलग.अलग निजी संस्थाओं में योग्यतानुसार विभिन्न 223 पदों पर भर्ती की जानी है। इनमें स्पंदना फाईनेशियल लिमिटेड कोतरा रोड़ रायगढ़ में लोन ऑफिसर में 100 पद रिक्त है। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता 12 वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसी तरह सीजी के पहरेदार संस्था में ब्यूरोचीफ एक पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर 2, रिपोर्टर 11 एवं ऑफिस अस्सिटेन्ट में 1 पद रिक्त है। क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड, चांदमारी सर्किट हाऊस रायगढ़ में ट्रेनी केन्द्र मैनेजर के लिए 50 पद रिक्त है।

### आंबा सहायिका के लिए आवेदन 3 तक

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना लैलूंगा के आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिका के रिक्त पदों के लिए 3 जनवरी तक आवेदन मंगाये गये है। इच्छुक आवेदिका नियत तिथि तक कार्यालयीन दिवस में अपना आवेदन कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना लैलूंगा, जिला रायगढ़ में सीधे जमा कर सकते है अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से भेज सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना लैलूंगा में संपर्क कर सकते है।

### ग्रामीण डाक सेवकों की हड़ताल से कार्य प्रभावित

**रायगढ़।** जिले मे ग्रामीण डाक सेवक अपनी मांगों को लेकर मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। ऐसे में डाक व्यवस्था चरमरा गई है। लोगों को समय पर डाक नहीं मिल पा रही है। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ की प्रमुख मांगों में 8 घंटे का काम पेंशन सहित सभी सरकारी लाभ दिया जाए। चंद्र कमेटी की सभी सिफारिश को लागू कर 5 लाख ग्रेज्युटी तथा 180 दिनों की छुट्टी को आगे बढक़र नकदी भुगतान की जाए। डाक सेवक की एसडीबीएस में सेवा निर्वहन लाभ 3 से बढक़र 10 प्रतिशत की जाए। आईपीपीबीए आरपीएलआई एवं अन्य डाक सेवा को प्रोत्साहन देकर राशि को समाप्त कर वर्कलोड में लिया जाए सहित अन्य मांगें शामिल हैं। क्षेत्र के ग्रामीण डाक सेवक जीडीएस कर्मचारियों ने डाकघर कार्यालय के बाहर एकत्रित होकर धरना दिया और नारेबाजी की। डाक सेवकों ने बताया कि पोस्टल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन के केंद्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के आह्वान पर बरसों से लंबित अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर देश भर के जीडीएस कर्मचारी मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। जब तक मांगें मंजूर नहीं हो जातीए तब तक डाक संग्रहणए वितरण आदि सभी कार्य बंद रखकर संपूर्ण तालाबंदी रखेंगे।

### नवजात का मिला शव जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जवाहर पारा में नाले के समीप एक नवजात का शव पुलिस ने बरामद किया है। वहीं इस मामले की विवेचना शुरू करते हुए पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों मोहल्ले के कुछ लोगों ने नाले के समीप पानी में एक नवजात का शव डूबा देखा, जिसके बाद आनन फानन में उन्होंने पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा करते हुए केजीएच ले आई। बताया जा रहा है कि यह शव एक माह के नवजात का है। वहीं इस मामले में पुलिस जांच में जुट गई है।

## चुनाव के बाद धान खरीदी में आई तेजी, 8222 किसानों ने बेचा धान

# अब तक 4.77 लाख क्विंटल की आवक,52 फीसद धान का उठाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चुनाव खत्म होने के बाद धान की खरीदी में तेजी देखने को मिल रही है। अब तक करीब 4 लाख 77 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। धान के बदले धन पाने के लिए 8 हजार 222 किसानों ने धान विक्रय कर लिया है। धान खरीदी केन्द्रों से भी अब तक करीब 52 फीसदी धान का उठाव हो चुका है।

गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा व कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में धान की बोनस राशि सहित समर्थन मूल्य को लेकर अलग अलग वायदे किए थे। ऐसी स्थिति में किसान धान बेचने के लिए खरीदी केन्द्रों का रूख नहीं कर रहे थे। किंतु विधानसभा चुनाव खत्म होने और मतगणना के बाद परिणाम घोषित होने के बाद किसान अपने अपने धान बेचने के लिए खरीदी केन्द्रों का रूख करने लगे। जिससे धान खरीदी में तेजी देखने को मिली। चुनाव से पहले कई खरीदी केन्द्र ऐसे थे, जहां खरीदी शुरू नहीं हो सकी थी, किंतु अब जिले के सभी खरीदी केन्द्रों में आवक शुरू हो चुकी है। जानकारी के अनुसार अब तक करीब 4 लाख 77 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। वहीं धान खरीदी केन्द्रों से उठाव भी 52 फीसदी तक हो चुका है। जानकारी के अनुसार अब तक 8 हजार 222 किसानों ने अपना धान समर्थन मूल्य पर शासन को विक्रय किया है।



### नहीं हो रहा सत्यापन

धान खरीदी केंद्रों में भौतिक सत्यापन के लिए पटवारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। हालांकि अब तक पटवारी निर्वाचन ड्यूटी में व्यस्त थे, इसके कारण खरीदी केंद्रों के भौतिक सत्यापन के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई है। सूत्रों की माने तो ऐसे मिलर जिनके पास बारदाना उपलब्ध नहीं हैए उन मिलरों द्वारा प्रबंधकों से सांठ.गांठ कर 15 रुपए प्रति बारदाना की दर से राशि लेनदेन कर समितियों से जमा पर्ची हासिल कर लिया है। मिलरों के अलावा प्रशासनिक अधिकारी भी इस बात से अनजान नहीं है।

### बारदाने की उपलब्धता को लेकर कर रहे आनाकानी

जिले के 69 सेवा सहकारी समितियों में धान खरीदी के लिए मार्कफेड जहां नया बारदाना उपलब्ध करा रही है तो वहीं मिलर व पीडीएस दुकानों से एकल भर्ती बारदाना भी जमा होना था, ताकि 50 प्रतिशत नए तो 50 प्रतिशत पुराने बारदाने में धान की खरीदी की जा सके। पीडीएस दुकान संचालक तो खाद्य विभाग की सख्ती के कारण समितियों में बारदाना उपलब्ध करा रहे हैं, लेकिन कई मिलर सेवा सहकारी समिति के प्रबंधकों से सांठ-गांठ कर सिर्फ कागजों में बारदाना ले रहे हैं। आपसी सांठ.गांठ से बारदाने का आवक कागजों में दिखाया जा रहा है, लेकिन समितियों में उतनी मात्रा में बारदाना उपलब्ध नहीं है। इसके कारण आने वाले समय में धान की आवक तेज होने के बाद बारदाने की शार्टेज सामने आएगी और खरीदी भी प्रभावित हो सकती है।

### 1.06 लाख टोकन कटे

बताया जा रहा है कि गुरूवार तक जिले में धान की बिक्री के लिए 1 लाख 6 हजार 130 टोकन काटे गए। विभाग निर्धारित समयावधि में लक्ष्य की पूर्ति करने की बात कह रहा है। हालांकि कुछ दिनों पहले हुई बारिश का असर धान खरीदी पर पड़ा, किंतु अब इसमें तेजी देखने को मिल रही हैं।

## एक ही टिकट से कई दिन तक कर सकते हैं रेल का सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




रेलवे की ओर से प्रदान की जाने वाले कई सुविधाओं के बारे में यात्रियों को पता ही नहीं होता। जबकि इन सुविधाओं के बारे में जानकारी रखने वाले यात्री बिना किसी परेशानी के लंबी दूरी की यात्रा आसानी से कर सकते हैं। ऐसी ही एक सर्कुलर सुविधा भी है। इसके माध्यम से यात्रा करने वाला यात्री कई दिन तक एक ही टिकट पर यात्रा कर सकता है। रेलवे में यात्रा करने के बारे में हमें केवल यह पता है कि इसका टिकट एक दिन में ही रद्द हो जाता हैए लेकिन सर्कुलर सुविधा के तहत यात्रा करने से यात्री अलग.अलग स्टेशनों पर बार.बार उतरकर घूम सकता है और पुनरू ट्रेन पकड़कर आगली यात्रा कर सकता है। इसके लिए बार.बार टिकट खरीदने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

### ऐसे लिया जा सकता यात्रा का लाभ

सर्कुलर सुविधा का लाभ लेने के लिए यात्री को कंफर्म टिकट खरीदना होगा। यह टिकट सर्कुलर यात्रा के लिए होनी चाहिए। इसमें यात्री कहां.कहां और कब-कब यात्रा करेगा इसकी विस्तृत जानकारी देनी होगी। इसके बाद आप 56 दिनों तक ट्रेन में यात्रा कर सकते हैं।

### ऑफलाइन मिलेगा टिकट

रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक सर्कुलर सुविधा का टिकट रेलवे स्टेशन पर ही मिलेगा। इसमें यात्री को बताना होगा कि वह किस शहर से यात्रा शुरू करेगा। बीच में किस शहर में उतरेगा और फिर दोबारा कब से यात्रा शुरू करेगा। पूरी जानकारी देने पर टिकट बनेगा और यात्री यात्रा कर सकेगा।

### ऐसे कर सकते हैं यात्रा

किसी यात्री को रायगढ से मुंबई जाना है और यात्री चाहता है कि मार्ग में पड़ने वाले विभिन्न स्थानों पर घूम ले ऐसे में उसे ऐसा ही रूट बनाना होगा। इस रूट में आगे.आगे से ट्रेन की कनेक्टीविटी भी देखनी होगी। इसमें एक स्टेशन दो बार नहीं आना चाहिए। इसके लिए यात्री को पहले से ही रेलवे को सूचित करना होगा जिसके बाद बिना दोबारा टिकट खरीदे वह आराम से घूम सकता है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते बुधवार की दोपहर घरघोड़ा क्षेत्र के टेरम में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाईक सवार एक युवक की मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे उपचार के लिये एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद परिजनों ने आज टेरम के पास चक्काजाम शुरू कर दिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर घरघोड़ा क्षेत्र के ग्राम बिजारी निवासी नरेन्द्र यादव 22 साल अपने साथी कृष्णा मांझी के साथ सब्जी खरीदने घरघोडा जा रहा था। बाईक सवार दोनों युवक दोपहर करीब 1 बजे जब टेरम के पास पहुंचे ही थे कि एक अज्ञात वाहन चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार दोनों युवक को जोरदार ठोकर मार दी। जिससे दोनों युवक घर में गिर गए जिसमें नरेन्द्र को काफी अधिक चोटें आई थी। स्थानीय लोगों ने इस घटना की जानकारी तत्काल घरघोडा थाने में दी। जिसके बाद दोनों को पहले घरघोड़ा अस्पताल जहां हालत बिगड़ने पर नरेन्द्र को रायगढ़ मेडिकल कालेज रिफर किया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं घायल युवक का एक निजी अस्पताल में उपचार जारी है। सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद गुस्साये परिजनों ने गांव के अन्य लोगों के साथ मिलकर गुरूवार की शाम चक्काजाम करते हुए आरोपी वाहन चालक की गिरफ्तारी के साथ.साथ मुआवजा की मांग करते हुए चक्काजाम शुरू कर दिया। इस चक्काजाम से सड़क के दोनों ओर भारी वाहनों की लंबी कतारें लग गई। चक्काजाम की जानकारी मिलते ही घरघोड़ा थाना की पुलिस टीम के अलावा जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारी ग्रामीणों को समझाईश देने के प्रयास में जुट हुए हैं।



### विकसित भारत संकल्प यात्रा का दिया प्रशिक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विकसित भारत संकल्प यात्रा वीबीएसवाय का प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन पालियों में आयोजित किया गया। प्रथम पाली का प्रशिक्षण दोपहर 12 बजे द्वितीय 1 और तृतीय 3.30 बजे आयोजित किया गया। अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर और परियोजना निदेशक ने तीनों पालियों में अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण में बताया गया कि यात्रा के दौरान सभी विभाग अपने विभाग से संबंधित हितग्राहियों का पहचान कर उनको यात्रा में शामिल करेंगे। संकल्प यात्रा के दौरान स्वागत और उत्सव टीम प्रचार रथ का स्वागत करेंगे। कृषि गतिविधियां अंतर्गत ड्रोन का प्रदर्शन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसानों से जैविक खेती पर बातचीत, ऑन स्पाट क्विज, महिला सदस्यों द्वारा धरती कहें पुकार के और स्वच्छता गीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की जाएंगी।

## मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण तथा मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय भी इस बैठक में उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री गोयल ने प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतर्गत मतदान केन्द्रों से निर्धारित न्यूनतम दूरी एवं अधिकतम मतदाता संख्या आदि मापदण्डों के अनुरूप मतदान केन्द्रों को स्थापित करने एवं पूर्व स्थापित मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण किया जाना है। जिससे मतदाताओं को मतदान के दौरान आयोग द्वारा निर्धारित सुविधाएं प्राप्त हो सके। इस दौरान नये मतदान केन्द्र, भवन व स्थल परिवर्तनए मतदान केन्द्रों के विलोपन एवं नाम परिवर्तन, मतदान केन्द्र के अनुभाग स्थानांतरण का प्रस्ताव एवं अनुभाग का नाम परिवर्तन के प्रस्ताव के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई तथा राजनीतिक दलों से उनके सुझाव मांगे गये जिसे निर्वाचन आयोग को भेजा जा सके। कलेक्टर श्री गोयल ने इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोडऩे तथा विलोपन के लिए अभियान चलाया जाएगा। जिससे नये मतदाता अपना नाम सूची में जुड़वा सके तथा ऐसे व्यक्ति जिनका नाम यहां दर्ज है किन्तु वे स्थायी रूप से कहीं और निवासरत हैं या उनकी मृत्यु हो चुकी है तो उनके नाम को पूरी प्रक्रिया का पालन कर विलोपित करने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए बीएलओ बूथ स्तर पर कार्य करेंगे। कलेक्टर श्री गोयल ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा घोषित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संबंध में आगे ⏭शेष पेज 2 पर



## मसीही समाज ने निकाली क्रिसमस रैली



**रायगढ़।** प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव से पूर्व मसीही समाज ने नगर में रैली निकाली। उत्सव रैली में मानव कल्याण के लिए दिए प्रभु के संदेशों को प्रसारित किया। रैली में झांकी का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। जिन्होंने समाज को शुभकामनाएं संदेश दिया। गुरुवार को सुबह से ही बड़ी संख्या में मसीही लोग अंबेडकर चौक पर एकत्रित होने लगे। पहुंचने वाले लोगों को उनके उम्र अनुसार बैच पहनकर उन्हें वालंटियर बनाया गया इसके बाद क्रमबद्ध होकर उनकी विशाल रैली निकाली गई। जो शहर के हेमू कालानी चौक, रामनिवास टॉकीज चौक, सुभाष चौक, गांधी चौक, स्टेशन चौक, सत्तीगुड़ी चौक पहुंची। वहां ⏭शेष पेज 2 पर

### न्यायालयों में लोक अदालत का आयोजन कल

**सारंगढ़।** लोक अदालत 16 दिसंबर शनिवार को हाईकोर्ट जिला एवं सत्र न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, द्वितीय न्यायालय, किशोर न्याय बोर्ड, श्रम न्यायालय, उपभोक्ता फोरम, राजस्व न्यायालय तहसीलदार एसडीएमए अपर कलेक्टर आदि में आयोजित किया जा रहा है। इस दिन किसी भी केस के दोनों पक्षकार राजीनामा, जुर्माना दंड और नगरपालिका, नगर पंचायत, बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के बकाया बिजली बिल आदि के जुर्माना शुल्क भुगतान कर प्रकरण को समाप्त कर सकते हैं।

## कलेक्टर जनदर्शन में दिव्यांगता प्रमाण पत्र का नवीनीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ दिल्ली कार्यालय संपर्क कर दो दिन के भीतर बना नया प्रमाण पत्र

मंगलवार को रायगढ़ तहसील के ग्राम जामगांव निवासी अशोक कुमार पण्डा अपनी बिटिया के साथ जनदर्शन में पहुंचे थे। यहां उन्होंने कलेक्टर कार्तिकेया गोयल से मुलाकात कर अपनी दिव्यांग बिटिया की एक समस्या रखी। उन्होंने बताया कि बच्ची का दिव्यांग प्रमाण-पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड का नवीनीकरण नहीं हो पा रहा है। पोर्टल में कई बार प्रयास किया गया किन्तु तकनीकी समस्या के चलते नवीनीकरण की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पा रही है। जिससे उसे छात्रवृत्ति सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में दिक्कतें आ रही है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने मामले की गंभीरता को तुरंत संज्ञान में लेते हुए मौके पर ही उप संचालक समाज कल्याण को निर्देशित किया कि तत्काल संबंधित अधिकारियों से बात करेंए आवश्यकता पडऩे पर दिल्ली स्थित कार्यालय से संपर्क कर बच्ची के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र का नवीनीकरण सुनिश्चित करवायें।



प्रकरण में दिल्ली की यूडीआईडी नोडल से मार्गदर्शन प्राप्त कर दो दिन के भीतर ही प्रमाण.पत्र का नवीनीकरण करवाकर पिता अशोक कुमार पण्डा को सौंप दिया गया। गौरतलब है कि प्रति सप्ताह मंगलवार को कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल जिला प्रशासन के सभी विभागीय अधिकारियों के साथ लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे है तथा अधिकारियों को मामलों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए हुए है।

### बेमौसम बारिश से फसल को नुकसान

# 61 किसानों ने दिया क्षतिपूर्ति का आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते दिनों बेमौसम बारिश की वजह से खलिहान व खेत में लगी फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। ऐसे में इस नुकसान का आंकलन करने के लिए कृषि विभाग ने सर्वे शुरू किया है। इस सर्वे के दौरान 61 किसानों के नाम सामने आए हैं। ऐसे में इस नुकसान का मुआवजा बीमा के माध्यम से किसानों को दिया जाएगा।

ज्ञात हो कि धान खरीदी शुरू होने के साथ ही धान की कटाई व मिसाई शुरू हो गई थी। इसी बीच कुछ दिनों तक बेमौसम बारिश के कारण खेतों में लगी फसलें व खलिहान में रखी फसलों को पानी से नुकसान पहुंचा था। कई क्षेत्रों में तो खड़ी फसलें जमीन पर गिर गई थीं। ऐसे में कई किसानों को पूरी तरह से नुकसान उठाना पड़ा था। वहीं कुछ किसान किसी तरह उसे संभाल पाए थे। इसी बीच कृषि विभाग ने बेमौसम बारिश से हुए नुकसान का आंकलन करने के लिए सर्वे शुरू किया, जो वर्तमान में भी चल रहा था। हालांकि विभाग को अब तक 61 ऐसे किसान मिले हैं, जिनकी फसल को इस बारिश से नुकसान पहुंचा है। जानकारी के अनुसार इन 61 किसानों ने बीमा से मुआवजा के लिए आवेदन किया है।




### कम हुआ नुकसान

कृषि विभाग की मानें तो सर्वे के हिसाब में नुकसान को लेकर क्लैम करने वाले किसानों की संख्या कम हैं। सर्वे के आधार पर इस बात को कहा जा रहा है, हालांकि सर्वे के दौरान किसानों की संख्या बढ़ सकती है।

## पीएम आवास का लक्ष्य अधूरा, लैलूंगा सीएमओ को शोकाज नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नई सरकार के गठन के बाद गुरुवार को कैबिनेट की पहली बैठक में सीएम विष्णुदेव साय ने कड़ा रुख इख्तियार करते हुए पीएम आवास के लक्ष्य पूरे माही करने वाले सीएमओ को शोकाज नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

बता दे कि पीएम मोदी नेचुनाव से पहले से ने था घोषणा की थी कि सरकार बनते ही पी एम आवास योजना पर फोकस किया जायेगा और 18 लाख हितग्राहियों को इसका लाभ दिया जायेगा । इसी कड़ी में गुरुवार को हुई कैबिनेट की पहली बैठक में ही मुख्यमंत्री ने पीएम आवास योजना को लेकर लापरवाही बरतने वाले 27 सीएमओ को शोकाज़ नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। इसमें लैलूंगा सीएमओ को भी शोकाज़ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। इस आदेश में कहा है कि जून 2023 तक निर्धारित लक्ष्य को पूरा करना था किंतु शासन द्वारा दिये गए लक्ष्य के विरूद्ध लैलूंगा का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं नजर आया।

### जून तक पूरा करना था लक्ष्य

शासन द्वारा संदर्भित पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना ;शहरीद्ध के हितग्राही द्वारा स्वयं आवास निर्माण ;ठस्ब्द्ध घटक अन्तर्गत प्रगतिरत आवासों को जून.2023 तक पूर्ण किये जाने हेतु मासिक लक्ष्य प्रदान किया गया था। राज्य स्तर पर आयोजित विभिन्न समीक्षा बैठकों में दिये गए लक्ष्य को प्राप्त किये जाने हेतु संबंधित नगरीय निकायों को निर्देश प्रदान किये गए हैं। निर्देश का पालन नहीं करने पर सिख कार्यवाही की बात कही गई है।

### लापरवाही पर सख्ती

अहम बात है कि कांग्रेस के शासन काल में यह योजना लगभग ठप पड़ गया था। हितग्राहियों को राशि तक नही मिल पा रही थी। सूत्र तो यहां तक बताते हैं कि राज्य सरकार द्वारा दिया जाने वाला अंशदान प्राप्त नहीं हो रहा था। यही वजह है कि नई सरकार का काम काज शुरू होने के बाद इस योजना को प्राथमिकता दी गईं है।

## खबर संक्षेप

### शिवरीनारायण मठ में सीताराम विवाह का हुआ आयोजन

**शिवरीनारायण।** धर्म एवं आध्यात्म की पावन धरा श्री शिवरीनारायण मठ में श्री सीताराम विवाह महोत्सव परंपरागत रूप से मनाया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष पंचमी तदनुसार रविवार 17 दिसंबर को शिवरीनारायण मठ में परंपरागत रूप से श्री सीताराम विवाह महोत्सव का आयोजन संपन्न होगा। शाम 4 बजे शिवरीनारायण मठ से भव्य शोभा यात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली जाएगी जो शाम 6 बजे मठ पहुंचकर विवाह महोत्सव विधि पूर्वक संपन्न होगा। इस पूरे कार्यक्रम में महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि श्री सीताराम विवाह महोत्सव में शिवरीनारायण नगर निवासी बड़े ही श्रद्धा भक्ति पूर्वक भाग लेते हैं, भगवान की बारात नगर के जिन गलियों से होकर गुजरता है लोग अपने-अपने दरवाजे पर भगवान का आरती सजाकर पूजा अर्चना करते हैं साथ ही भगवान रघुनाथ जी के बारातियों का अनेक तरह के मिष्ठान खिलाकर आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत भी करते हैं।

### सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव का आयोजन 24, 25 एवं 26 को

**जांजगीर-चांपा।** पांच दिवसीय सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव का 23 दिसंबर से 27 दिसंबर तक सूर्यांश विद्यापीठ सूर्यांश प्रांगण-सिवनी नैला में किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए प्रो. गोवर्धन प्रसाद सूर्यवंशी ने बताया कि विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी सूर्यांश महामहोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसके प्रथम दिवस 23 दिसंबर को मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। द्वितीय दिवस 24 दिसंबर को महा महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ के पश्चात कैरियर मार्गदर्शन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। 24 दिसंबर को शाम आठ बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। तृतीय दिवस 25 दिसंबर को जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों के द्वारा कैरियर मार्गदर्शन, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, प्रतिभा सम्मान एवं युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया है ।

### पासपोर्ट टू अर्निंग ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला

**जांजगीर-चांपा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में 12 दिसंबर को पासपोर्ट टूअर्निंग ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी होस्ट पूजा शर्मा थी। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवक जूम लिंक एवं यूटयूब के माध्यम से जुड़कर ज्ञान प्राप्ति किया। कार्यक्रम को होस्ट कर रही पूजा शर्मा ने की ईओएचओ के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इसका मुख्य उद्देश्य है कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी इच्छा अनुसार एवं अपने क्षमता अनुसार ऐसे व्यक्ति की मदद करें जिसकी वह जरूरतमंद हो।

### गुरू घासीदास जयंती पर 18 को शुष्क दिवस घोषित

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसंबर को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर जांजगीर चांपा जिले में सभी प्रकार की मदिरा दुकान अर्थात देशी मदिरा सी.एस.2(घघ), विदेशी मदिरा एफ.एल.1 (घघ), देशी मदिरा सी.एस. (घघ कंपोजिट), प्रीमियम शॉप चांपा, जांजगीर एवं भंडारण भंडागार जांजगीर को पूर्णता बंद रखने का आदेश दिया गया है। उक्त अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 19 को

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 19 दिसम्बर को सायं 4 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई है। बैठक में खरीफ सिंचाई की समीक्षा एवं आगामी रबी सिंचाई कार्यक्रम 2023 तथा खाद बीज की उपलब्धता पर चर्चा की जाएगी।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश के बाद कार्यों में आई प्रगति

# पत्थलगांव से कुनकुरी तक जल्द बनेगी सड़क, आवागमन होगा बेधड़क

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर/पत्थलगांव**

पत्थलगांव से कुनकुरी के बीच निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में आवागमन करने वाले लोगों की समस्याएं शीघ्र ही दूर होगी। सड़क पर उन्हें हिचगोले खाते नहीं गुजरना पड़ेगा और न ही कही आने जाने में अपना कीमती समय बर्बाद करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर पत्थलगांव से कुनकुरी के बीच सड़क के कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है।

मजदूरों की संख्या बढ़ाई गई है। सड़क निर्माण कार्य कराने वाली कंपनी को भी इस संबंध में कड़े निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश के पश्चात कलेक्टर डॉ रवि मित्तल द्वारा भी सड़क के कार्यों का निरीक्षण कर हर दिन के कार्यों की समीक्षा की जा रही है। कंपनी के प्रतिनिधि के मुताबिक सीसी रोड़ के निर्माण कार्य को इस माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा। जशपुर मुख्यालय सहित यहां से पत्थलगांव और अन्य स्थानों में आने-जाने के लिए महत्वपूर्ण नेशनल हाईवे-43 सड़क निर्माण कार्य की गति को अब बढ़ा दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश के पश्चात टीबीसीएल कंपनी के द्वारा सड़क में जगह-जगह अतिरिक्त मजदूर लगाकर काम कराया जा रहा है। कंपनी ने बताया कि पथलगांव शहर में सीसी रोड़ का काम दिसंबर महीने में पूरा कर लिया जाएगा। इस मार्ग में स्थित झंडा घाट में पहाड़ की कटिंग का काम चल रहा है। इसी तरह बेला घाट में घाट कटिंग के कार्यों और डीएलसी, जीएसबी, मिट्टी के कार्यों को तेजी से किया जा रहा है। यहां सीसी रोड निर्माण पूरी प्रगति से चल रहा है। बंदरचुआ के पास कंपनी ने लगभग 1 किलोमीटर सीसी रोड का निर्माण पूरा कर लिया है। अभी कंपनी द्वारा 5 से 6 अतिरिक्त एक्सकेवेटर खुदाई और मिटटी हटाने के कार्यों में लगाया गया है। बंदरचुआ से तामासिंहा और तामासिंहा से नवाटोली होते हनुमान टेकरी की तरफ़ जल्दी ही सीसी रोड का निर्माण कर दिया जाएगा। सड़क का निर्माण करने वाली कंपनी द्वारा अतिरिक्त डीएलसी पेवर और सीसी रोड का पेवर भी मोबलाइज किया गया है, जिससे कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। कंपनी द्वारा बताया गया कि ईब, नैनी सहित अन्य नदियों में पुल निर्माण के कार्यों के लिए एक्सपर्ट इंजीनियर और लगभग 200 अनुभवी मजदूर लगाए गए हैं। पत्थलगांव से लेकर कुनकुरी तक के सड़क के कार्यों में विलंब न हो और कार्य तय सीमा पर पूर्ण हो सके, इस पर ध्यान केन्द्रित कर कार्य कराएं जा रहे हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पत्थलगांव से लेकर कुनकुरी तक के सड़क निर्माण की गति को बढ़ाने और जल्दी ही पूरा करने के निर्देश दिए हैं। सड़क के बनने से इस मार्ग पर आवागमन करने वालों की बड़ी सहूलियत मिलेगी। वे सुगम तरीके से बेधड़क सड़कों पर यात्रा कर सकेंगे।



सड़क का निर्माण कार्य तेजी से जारी।

## बनटोला में हाथियों की धमक, मकान किया ध्वस्त

**कोतबा।** शहर से लगे गांव बनटोला में तीन हाथियों के दल ने एक गरीब परिवार के मकान को पूरी तरह रौंद दिया। अचानक हुई इस घटना में सो रहे परिवार वाले जान बचाने के लिए जमकर आवाज लगाई। ग्रामीणों की मदद से हाथियों को भगाने कामयाब रहे।

हाथियों के कोहराम से घर ध्वस्त हो गया,लेकिन मलबे में दबे छः वर्षीय बालक को बचाया लिया गया। बच्चे का उपचार कोतबा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया जा रहा हैं। घटना मंगलवार की रात लगभग 11 बजे की बताई जा रही है। बनटोला गांव ग्राम पंचायत फरसाटोली का आश्रित मोहल्ला है। यह कोतबा से महज 3 किलोमीटर की दूरी में बसा है। जानकारी के अनुसार नंदलाल उरांव 35 वर्ष अपनी पत्नी किशोरी 30 वर्ष, निर्मल 6 वर्ष, अनुज 4 वर्ष के साथ खाना खाकर सो रहे थे,अचानक तीन हाथियों का दल आ धमका हाथियों का दल ग्रामीण के घर को धराशाही करते हुए अंदर जा घुसे जिससे अंदर सो रहे 6 वर्षीय बालक निर्मल मलबे में दब गया। घर मे रखे 70 किलो चावल को चट करते हुए बर्तनों को नुकसान पहुंचाया हैं। पीड़ति परिवार मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। वर्तमान स्थिति में उनके पास अब रहने को घर नहीं है,न बर्तन है न चावल हैं। पीड़ित परिवार को तत्काल मदद की आवश्यकता है। ग्रामीण तिलक मिरी ने बताया कि उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी थी उन्होंने घटना स्थल का जायजा लेकर पंचनामा तैयार किया हैं। मलबे में दबे बालक को उपचार के लिए कोतबा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है हाथियों का दल फरसाबहार के डोंगादरहा गांव की ओर से आया था।


हाथियों द्वारा तोड़ा गया घर।

■ मलबे में दबे बालक का अस्पताल में चल रहा उपचार

## चाकू दिखाकर की लूट, दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** चाकू दिखाकर एक युवक से लूटपाट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से चाकू व नगदी को बरामद किया गया है। मामला सिटी कोतवाली का है।

इस संबंध में जांजगीर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर निवासी सम्मेलाल उम्र 40 ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 दिसंबर को सुबह 10 बजे मिश्रा अस्पताल जांजगीर के पास रोड़ में मूंगफली बेच रहा था, तभी दो व्यक्ति मोटर सायकल से आए और चाकू दिखाकर जेब में रखे 3180 रुपए और मोबाइल फोन को लूट कर भाग गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना जांजगीर में धारा 394, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना आरोपी की पहचान अरूण श्रीवास एवं दुर्गेश नेताम निवासी जांजगीर के रूप में हुई, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। घटना के संबंध में पूछताछ करने पर साथ मिलकर प्रार्थी से नगदी 3180 रुपए एवं मोबाइल को लूट करना अपना अपना जुर्म स्वीकार किया व लूट की रकम आपस में बांट लेना। जिसमे से 1680 रुपए रकम को खर्च करना व 1500 रुपए एवं मोबाइल को आपस में बांट लेना बताया। जिसे आरोपियों के कब्जे से बरामद किया गया है। आरोपी दुर्गेश नेताम एवं अरुण श्रीवास निवासी जांजगीर को गिरफ्तार कर 13 दिसंबर को न्यायिक हिरासत में भेजा गया हैं।

## ग्राम पंचायतों में 19 को विशेष ग्रामसभा का आयोजन

**जशपुरनगर।** भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी वित्तीय वर्ष 2024 - 25 के लिए जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण हेतु जन योजना अभियान 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। 02 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक अभियान के दौरान जिला पंचायत, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत में क्रमशः सामान्य सभा व ग्रामसभा का आयोजन कर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये कार्ययोजना का निर्माण किया जाना है।

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि आदर्श आचार संहिता के कारण निर्धारित समय-सीमा में ग्रामसभा का आयोजन नहीं किया जा सका है जिस कारणवश ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण हेतु ग्रामसभा का आयोजन 19 दिसम्बर 2023 को समस्त ग्राम पंचायतों में किया जाना है। विशेष ग्रामसभा में जीपीडीपी निर्माण हेतु एलएसडीजी की 09 थीमों में से कम से कम 01 थीम पर संकल्प लिया जाकर वायब्रेंट ग्रामसभा पोर्टल में उसकी एण्ट्री करना अनिवार्य होगा। चयनित संकल्प को पूर्ण करने हेतु संबंधित गतिविधियों की प्राथमिकता निर्धारित किया जाय। ग्रामसभा की बैठक में लाईन विभाग से संबंधित अधिकारी - कर्मचारी द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत किया जाएगा। प्रारूप जीपीडीपी में समस्त विभाग की योजनाओं के साथ-साथ कम लागत-कोई लागत नहीं गतिविधियों को भी सम्मिलित किया जाय। ग्रामसभा की बैठक में अतिरिक्त एजेण्डा के रूप में स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में शौचालय विहीन परिवार का चिन्हांकन एवं उनकी सूची का अनुमोदन उपरांत जनपद पंचायत और जिला पंचायत को प्रेषण किया जाएगा। ओडीएफ प्लस के मापदण्डों को पूरा करने वाले ग्रामों को ओडीएफ प्लस घोषित करने की घोषणा, गोबरधन योजनान्तर्गत स्थापित बायोगैस संयंत्रों के समुचित उपयोग एवं संधारण हेतु जिम्मेदारी का निर्धारण, ग्रामसभा में लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की विडियो रिकार्डिंग की जानी है तथा विडियो को ग्राम सभा निर्णणष मोबाईल एप्प में अपलोड किया जाना है।

## ठंड से थरथराया जशपुर, गर्म कपड़े अलाव से भी नहीं हो रहा बचाव



**जशपुरनगर।** विधानसभा चुनाव की गर्माहट कम होते ही जिले में ठंड बढ़ती जा रही है पिछले तीन चार दिनों से हड्डियों को कंपकंपा देने वाली ठंड शुरू हो गई है। दिन ढलते ही तापमान में गिरावट होने लगती है। पड़ रही ठंड के कारण रात के आठ बजते ही रास्तों पर सन्नाटा पसर जाता है। चलने वाली ठंडी हवाएं ठंड का एहसास करा रही है। आने वाले दिनों में तापमान और अधिक गिरने की संभावना है। लोग जगह जगह अलाव का सहारा लेकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे है।

## एटीएम में पसरी गन्दगी, साफ सफाई में नही बैंक प्रबंधन का ध्यान

**शिवरीनारायण।** टेंपल सिटी शिवरीनारायण के एटीएम में साफ सफाई का अभाव बना हुआ है। शहर में तीन एटीएम संचालित हो रहे है, लेकिन सफाई एक भी एटीएम में नहीं हो पा रही है। एटीएम के अंदर गोबर व कागज का अंबार हुआ है। वहीं सफाई व्यवस्था को लेकर बैंक प्रबंधन का बिल्कुल भी ध्यान नहीं है।

गौरतलब है कि शिवरीनारायण में संचालित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएमओ में अव्यवस्था का आलम हैं। यहां न तो एटीएम की साफ सफाई हो पा रही हैं और न ही सुरक्षा के कोई इंतजाम किए गए हैं। एटीएम के अंदर गन्दगी पसरी रहती हैं। जिसका सामना एटीएम से पैसे निकालने वाले लोगो को करना पड़ता हैं। नगर में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के सभी एटीएमओ का यही हाल हैं। एटीएमओ में व्याप्त समस्याओं को दूर करने में बैंक प्रबंधन के हाथ पैर फूल रहे हैं। यूं तो बैंक द्वारा ग्राहकों से सुविधा के नाम से राशि तो ली जाती हैं लेकिन बैंक के ग्राहकों को सुविधा के नाम पर कुछ नही दिया जाता। लोग बैंक प्रबंधन के इस रवैए से खासे परेशान हैं। नगर में भारतीय स्टेट बैंक के तीन जगहों पर एटीएम लगाए हैं जिसमें बैंक के पास, रेस्ट हाऊस रोड़ एवं बांबे मार्केट मुख्य मार्ग शामिल हैं। तीनो ही एटीएम में न तो साफ सफाई होती हैं और न ही सुरक्षा के लिए गार्ड की तैनाती की गई हैं। नगर में लगे एटीएम की सुरक्षा भगवान भरोसे हैं। लोग जब भी एटीएम में पैसे निकालने के जाते हैं तो एटीएम में फैली गन्दगी से सामना होता है। एटीएम के अंदर मवेशी घुस जाते है और गंदगी फैला देते हैं। मवेशियों द्वारा फैलाई गन्दगी के बीच लोग एटीएम से पैसे निकालने को मजबूर हैं। नगर के एटीएमओ में न तो रोजाना सफाई होती हैं और न ही सफाई व्यवस्था पर ध्यान दिया जाता हैं।

एटीएम के अंदर कागजों का ढेर लगा रहता हैं। लोगो ने फैली गन्दगी की शिकायत बैंक प्रबंधन से की हैं लेकिन नतीजा नहीं निकला। एटीएम में गार्ड तैनात नहीं है। एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था केवल भगवान भरोसे संचालित हो रहा है। एटीएम में सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने से किसी दिन अप्रिय घटना घट सकती हैं, लेकिन बैंक प्रबंधन एटीएमओ में गार्ड तैनात करने में रुचि नहीं ले रहा हैं। ऐसा नहीं है कि एटीएम में तोड़फोड़ व चोरी की घटना नहीं हुई हो लेकिन इसके बावजूद एटीएम में सुरक्षाकर्मी की तैनाती नहीं की जाती है। जिससे कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है।



### नाबालिग से किया दुष्कर्म आरोपी पुणे से गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा ।** नाबालिक बालिका को बहला फुसला कर अपहरण कर दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने पुणे से गिरफ्तार किया है। मामला बलौदा थाना अंतर्गत ग्राम जर्वे का है। इस संबंध में बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 जुलाई को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिक बालिका सुबह स्कूल पढ़ने गई थी, जो घर वापस नहीं आई। पता करने पर नहीं मिली बालिका को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण कर ले जाने की जानकारी मिली। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना चांपा में धारा 363 भादवी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गया। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जर्वे निवासी गजेंद्र धीवर द्वारा नाबालिक बालिका को पुणे महाराष्ट्र तरफ भागा कर ले गया है। सूचना पर पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से अपृहिता को बरामद किया गया है।

## सीएचसी बगीचा में विशेष पिछड़ी जनजाति स्वास्थ्य सहायता केन्द्र स्थापित

**जशपुरनगर।** जिले के सीएचसी बगीचा में विशेष पिछडी जनजाति पहाड़ी कोरवा बिरहोर को समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए विशेष पिछडी जनजाति स्वास्थ्य सहायता केन्द्र स्थापित किया गया है। केन्द्र का सम्पर्क नम्बर 8770339586 है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार पहाड़ी कोरवा बिरहोर जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों में निवासरत हैं जहां एम्बुलेंस वाहन के माध्यम से भी पहुंच कठिन रहता है। ऐसे क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना चुनौतीपूर्ण रहती है। विशेष पिछड़ी जनजातियों को उक्त स्वास्थ्य सहायता केन्द्र के माध्यम से इन जनजातियों में होने वाली मातृ एवं शिशु मृत्यु में कमी लाना, होने वाली बीमारियों का समय पर पता लगाकर उनकी जांच एवं त्वरित उपचार तथा स्वास्थ्य सुविधाओं को लेने हेतु जागरूक करने का लक्ष्य है। विशेष पिछड़ी जनजाति में समन्वयक के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाऐं लेने हेतु जागरूक करना, टीबी के मरीज, उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं के उपचार का अनुश्रवण कर पूर्ण उपचार उपलब्ध कराना उद्देश्य है । पाठ क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं हेतु मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में बेहतर सेवायें देने हेतु प्रशिक्षण दिया गया है। विशेष पिछडी जनजातियों को किसी भी प्रकार की स्वास्थ्यगत समस्या होने पर उक्त सहायता केन्द्र से सम्पर्क कर स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने हेतु अपील की जाती है।



## विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में कलेक्टर ने अधिकारियों की ली बैठक

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिले में सफल एवं बेहतर आयोजन सुनिश्चित करने के लिए आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।बैठक में उन्होंने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के अलावा वंचित हितग्राहियों को इन योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। जिला अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ शासन मुख्य सचिव कार्यालय से जारी विस्तृत दिशा निर्देशों के अनुरूप यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने योजना के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए निर्देशित किया कि यात्रा के दौरान योजनाओं की जानकारी जनसामान्य को दी जाए और पात्र हितग्राहियों को आवश्यकतानुसार योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।

कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के संबंध में कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में निर्धारित रूट के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उन्होने यात्रा हेतु रूट चार्ट तैयार करने और प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम में विभागों की भूमिका, जनभागीदारी गतिविधि, ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय स्तर पर समिति का निर्माण, स्थानीय हितग्राहियों को आमंत्रण, सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी, स्व-सहायता समूह, ग्राम संगठन का मोबलाइजेशन, कृषि गतिविधियों पर सत्र का आयोजन, प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करना, योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अनुभव साझा करना तथा डेटा पोर्टल में जानकारी अपलोड कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, अपर कलेक्टरश्री आईएल ठाकुर, आरपी चौहान, सर्व एसडीएम, सभी जनपद सीईओ, सीएमओ सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।



### नियम तोड़ने वाले 129 वाहनों पर कार्रवाई वसूला गया 45 हजार संमन शुल्क

**जांजगीर-चांपा।** जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत 12 दिसंबर को कुल 129 वाहन चालकों पूर कार्रवाई करते हुए 44 हजार 6 सौ रुपए का संमन शुल्क वसूल किया गया है। यातायात नियमों का उलल्धन करने वालो वाहन चालकों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार 12 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास नही होना, वाहन का हेड लाईट आधा काला नहीं होना, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चालाना, मौके पर वाहन का कागजात पेश नही करना, पार्किंग लाईट का नही होना अलग- अलग धाराओं के तहत कुल 129 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर 44 हजार 6 सौ का समन शुल्क लिया गया है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मतदान केन्द्रों के ...

जानकारी देते हुए बताया कि मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के लिए 21 दिसम्बर की तिथि निर्धारित की गई है। इसी तरह पुनरीक्षण के पूर्व गतिविधियां पूर्ण करने हेतु 20 दिसम्बर से 5 जनवरी 2024 तक, एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी 2024 को किया जाएगा। दावा आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 6 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक निर्धारित है। 13 एवं 14 जनवरी को विशेष शिविर का आयोजन होगा। दावा आपत्तियों का निराकरण 2 फरवरी 2024 को किया जाएगा। 8 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में विलिस गुप्ता, मनीष पाण्डेय, गोपाल बापोडिया, आशीष शर्मा, प्रिंकल दास सहित निर्वाचन शाखा के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### मसीही समाज ने ...

से घड़ी चौक, हंडी चौक, गद्दी चौक के रास्ते होते हुए गौरी शंकर मंदिर से चक्रधर नगर चौक पहुंची। जहां से सभी मसीही विजयपुर स्थित ईडन मैरिज गार्डन पहुंचे। जहां सभी के लिए भोजन का प्रबंध किया गया था। रैली में ग्रामीण इलाकों से भी सैकड़ों की संख्या में विश्वासी मौजूद थे। रैली में युवा नाचते.गाते हुए उत्साह के साथ चल रहे थे। इस दौरान प्रभु के भजन गाते हुए शांति का संदेश दिया गया। साथ ही हाथों में तख्ती और बैनर लेकर नगर वासियों को यीशु मसीह के प्रेम का संदेश दिया गया।



## खबर संक्षेप

### बढ़ती ठंड के मद्देनजर शाला समय में परिवर्तन करने की उठी मांग

**बिश्रामपुर।** इन दिनों पड़ रहे कड़ाके की ठंड को ध्यान में रखते हुए शाला लगने के समय में परिवर्तन की मांग उठने लगी है। चक्रवात मिचौन्ग के कहर उपरांत बादल छटते ही ठंड में तेजी से वृद्धि हो रही है। एक पाली में लगने वाली शासकीय शाला शनिवार को प्रातः 7.30 बजे से संचालित होता है, वहीं अन्य दिवस 9.45 बजे से लगाने के निर्देश हैं। जिले में दिनों दिन बढ़ रही ठंड के मद्देनजर पूर्व के निर्धारित समय अवधि में बच्चों की उपस्थिति लगातार कम हो रही है। ग्रामीण परिवेश में बच्चों के समक्ष गर्म कपड़ों का अभाव रहता है। ऐसी स्थिति में छात्र बिना गर्म कपड़ों के ही विद्यालय आ रहे हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। बढ़ते ठंड को ध्यान में रखकर शाला समय में परिवर्तन की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा दिक्कत शनिवार को प्रातः काल में बच्चों व शिक्षकों को हो रहा है। ठंड को ध्यान में रखकर बलरामपुर के जिला अधिकारियों द्वारा शाला समय में बदलाव किया गया है। शेष जिलों में अभी भी विद्यालय पूर्व निर्धारित समय पर ही संचालित हो रहा है, जिससे अत्यधिक समस्या हो रही है। बच्चों के हित में सूरजपुर जिले में भी विद्यालय संचालन का समय परिवर्तन किया जाना चाहिए।

### दतिमा में जिओ का नेटवर्क बेहाल, ऑनलाइन कार्य बाधित

**दतिमामोड़।** दतिमा में लगा जिओ नेटवर्क लगभग 40 दिनों से बेहाल पड़ा हुआ है। नेटवर्क की समस्या से क्षेत्र के हजारो मोबाइल उपभोक्ता परेशान है। विदित हो कि 7 नवम्बर को प्रधानमंत्री मोदी दतिमा में चुनावी सभा को सम्बोधित करने पहुंचे थे। संभाग स्तरीय प्रधानमंत्री के सभा में बड़ी संख्या में भीड़ होने से जिओ का नेटवर्क पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। हालांकि बड़े कार्यक्रम का लाइव स्ट्रीमिंग जिओ नेटवर्क से ही संचालित होता है।साथ ही जिओ कंपनी 5 जी नेटवर्क उपलब्ध कराने की बात कहती है जबकि उसका 4 जी टावर ही बदहाल हो चुका है। नेटवर्क खराब होने से च्वाइस सेंटर, ऑनलाइन सेंटर, बैंक के अलावा कई प्रकार की समस्याओं से लोग परेशान है। इस संबंध में जिओ कंपनी से संबंधित अधिकारी से बात की गई तो एक महीने के भीतर नेटवर्क सुधार देने की बात कही गई परंतु आज तक नेटवर्क सुधारने की दिशा में किसी प्रकार की पहल नहीं हो सकी जिससे क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जल्द ही नेटवर्क की समस्या को दूर नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### खेलने के दौरान कुएं में डूबने से मासूम की मौत

**बिश्रामपुर।** घर के पास खेलने के दौरान एक मासूम की कुएं में डूबने से मौत हो गई। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत कनकपुर गोंडपारा निवासी विजय सिंह बुधवार को घर के सामने एक निवास पर तीज नवावन कार्यक्रम में शामिल होने गया था। इस दौरान दोपहर में विजय सिंह का 3 वर्षीय मासूम पुत्र शुभम उर्फ समीर खेलने के दौरान घर के समीप स्थित कुएं में अचानक गिर गया, जिसमें डूबने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द कर मामले में मर्ग कायम करते हुए विवेचना शुरू की है।

### कार की टक्कर से युवक घायल, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** सड़क किनारे मोबाइल फोन पर बात कर रहा युवक कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में पुलिस द्वारा शिकायत के बाद अपराध दर्ज किया गया है। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम जयपुर निवासी 22 वर्षीय अवधेश गढ़वाल आ. रमेश्वर गढ़वाल का भाई राजेश गढ़वाल 10 दिसंबर को बाइक क्रमांक सीजी 15 सी 0526 से किराना सामान लेने के लिए ग्राम बरढोढ़ी गया हुआ था। इस दौरान युवक ग्राम परसोढ़ी के समीप मोड़ पर अपनी बाइक खड़ी कर फोन पर बात कर रहा था। इस दौरान सामने से आ रही कार क्रमांक सीजी 15 डीजेड 1118 के चालक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गया। मामले में पुलिस द्वारा शिकायत के बाद चालक ग्राम इंदरपुर निवासी शंकर दास आ. घुरन दास के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पिछले पंद्रह दिन से समिति का चक्कर लगा रहे ग्रामीण

# सहकारी समिति सेदम में खाद बीज की कमी, किसानों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

सहकारी समिति में खाद बीज की कमी होने से किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि हर रोज किसान खाद बीज के लिए समिति को चक्कर लगाने है परंतु उन्हें खाद बीज नहीं मिलता। ऐसे में किसान रबी फसल की तैयारियों को लेकर चिंतित है। समय पर खाद बीज उपलब्ध नहीं हो पाने की स्थिति में अब व्यापारियों से खाद बीज औने पौने दाम पर खरीदने के लिए मजबूर है।

**खास बात**

- व्यापारियों से औने पौने दाम पर खाद-बीज खरीदने को मजबूर किसान

सहकारी समिति सेदम में खाद बीज के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान पहुंचते है। समिति में धान बेचने के पश्चात अब किसान खेतों में रबी फसल लगाने की तैयारियों में जुट गए है। ऐसे में समय पर खेती हो इसके लिए खाद बीज की व्यवस्था करने में लगे है। कांग्रेस शासन से ही सीतापुर विधानसभा क्षेत्र में खाद बीज के लिए किसान परेशान हो रहे हैं जो अब तक खत्म नहीं हुई है और अब भी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सेदम में आज तक खाद बीज की किल्लत लगातार बनी हुई है। ऐसे में क्षेत्र के किसान फसल बोने हेतु खाद बीज की कमी से जूझ रहे हैं। गौरतलब है कि सीतापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किसानों को खाद्य बीज की कमी कांग्रेस शासन में पिछले 5 वर्षों तक झेलनी पड़ी है जहां क्षेत्र के किसान दुकानों से ऊंचे दामों में खाद बीज खरीद कर खेती किसानी करने को मजबूर थे जो मजबूरी अब तक आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सेदम में देखी जा सकती है जहां रासायनिक खाद यूरिया, डीएपी, इफको, सुपर सहित गेहूं बीज पिछले पंद्रह दिनों से नहीं है। गेहूं, तीसी की खेती करने क्षेत्र के किसान परेशान हो रहे हैं यहां तक की गेहूं खेती भी पिछड़ रही है।



खाद-बीज लेने समिति पहुंचे किसान।

### नए विधायक से उम्मीद

राज्य में भाजपा की सरकार बन गई है वहीं क्षेत्र में भी पहली बार विधानसभा से भाजपा विधायक राम कुमार टोप्पो विधायक बने है। ऐसे में पिछले पांच साल से खाद बीज की समस्या से जूझ रहे किसानों को नए विधायक से काफी उम्मीद है। किसानों को उम्मीद है कि सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में खाद बीज की कमी नहीं होने देंगे और किसानों को भरपूर मात्रा में खाद बीज उपलब्ध मिल सकेगा।

### मंगाई गई है खाद-बीज

सहकारी समिति में खाद बीज की कमी है। इसे ध्यान में रखकर खाद बीज मंगाया गया है जो अब तक समिति में नहीं पहुंचा है। समिति में आने के बाद खाद बीज की समस्या नहीं होगी।

-विवेक विश्वकर्मा, समिति प्रबंधक

### जल्द कराया जाएगा उपलब्ध

किसानों की समस्याओं को जल्द ही दूर किया जाएगा। मै खाद बीज निगम को निर्देशित करता हूं। सहकारी समिति में जल्द ही खाद बीज उपलब्ध कराया जाएगा।

-रवि राही
एसडीएम सीतापुर



## मार्शल आर्ट में साधुराम विद्या मंदिर को 11 स्वर्ण, 22 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

राज्य स्तरीय क्वान कीडो मार्शल आर्ट चैंपियनशिप का आयोजन अंबिकापुर में किया गया था। जिसमें विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कई मेडल प्राप्त किया। मार्शल आर्ट अलग-अलग वर्ग में आयोजित किया गया था। विद्यालय के प्रियांश, अराध्य गुप्ता,वंदना, हर्ष एक्का, वासु भूषण, वैभव, भावना, दीक्षांत शर्मा, उमंग राजवाड़े, आदित्य राजवाड़े, अर्श रजा ने स्वर्ण मेडल प्राप्त किया। वहीं 7 खिलाड़ियों को रजत पदक एवं 4 खिलाड़ियों को कांस्य पदक प्राप्त हुआ है। प्रतियोगिता की शुरुआत रामकुमार सिंह सहायक संचालक खेल युवा कल्याण विभाग एवं खेल अधिकारी देवेंद्र सिंह के विशेष अतिथि में किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मृत्युंजय पांडे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वेद नारायण शर्मा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। गोल्ड मेडल प्राप्त 11 खिलाड़ियों का चयन 9 से 11 फरवरी तक बनारस में होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय क्वान कीडो मार्शल आर्ट प्रतियोगिता के लिए किया गया है। विद्यालय के व्यायाम शिक्षक संजय सिदार एवं सुरेश कुमार के मार्गदर्शन में विद्यालय को लगातार राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त किया हैं। राज्य स्तर पर मेडल प्राप्त करने पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. राहुल अग्रवाल, एसएमसी अध्यक्ष सुनील अग्रवाल , प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय उप प्राचार्य डीडी तिवारी तथा विद्यालय के स्टाफ ने विजेता खिलाडियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



हाइवा अनियंत्रित होकर घर से टकराया।

## तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर घुसा घर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

मंगलवार की मध्य रात्रि ग्राम भिलाईकला में तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने घर में घुस गया। गनीमत थी कि इस दौरान घर में कोई मौजूद नहीं था अन्यथा बड़ी दुघर्टना हो सकती थी।

ग्राम भिलाईकला निवासी दसमतिया यादव पति रामकेश्वर यादव ने सड़क किनारे पक्का मकान बनाया है। बीती रात्रि मित्तल क्रशर के संचालक अक्षत मित्तल का हाइवा क्रमांक सीजी 15 डीजे 3800 का चालक अनुज कुशवाहा तेज रफ्तार से लुण्ड्रा की ओर से वाहन चलाते हुए आ रहा था। ग्राम भिलाई कला के पास वाहन अनियंत्रित हो गया तथा दीवार तोड़ते हुए घर जा घुसा। इस दौरान घर में कोई भी मौजूद नहीं था। गृह स्वामी तसमतिया ने बताया कि गृह प्रवेश नहीं होने के कारण परिवार के सदस्य पुराने मकान में ही रह रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि दुघर्टना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पुलिस धारा 279 के तहत दुघर्टनाकारी हाइवा को जब्त कर थाना परिसर में ले आई है।

### हाइवा की टक्कर से युवक की मौत, अपराध दर्ज

अंबिकापुर। हाइवा की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सरगवां निवासी अनमोल बड़ा आ. निमन बड़ा किराना दुकान का संचालन करता है। युवक 11 दिसंबर को गांव के उमेश एक्का के साथ बाइक क्रमांक सीजी 30 ई 6281 से राजपुर गया हुआ था। राजपुर से दोनों रात लगभग 10 बजे वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान बूढ़ाबगीचा मुख्य मार्ग पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा क्रमांक सीजी 15 डीएफ 9771 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलते हुए बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए इसके साथ ही उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को उपचार के लिए राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उमेश एक्का की मौत हो गई इसके साथ ही अनमोल बड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का उपचार जारी है। युवक की शिकायत पर पुलिस द्वारा हाइवा वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 304 ए, 337 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## बिहारपुर में हर शुक्रवार को होगा जन समस्या का निवारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा कुछ दिन पूर्व बिहारपुर क्षेत्र का दौरा किया गया था। उन्होंने भैयाथान एसडीएम को कैंप कार्यालय बिहारपुर में शुक्रवार को मार्केट दिवस के दिन जन समस्या निवारण के लिए कैंप आयोजित करने के लिए निर्देशित किया था। जिस पर अमल करते हुए भैयाथान एसडीएम सागर सिंह राज ने जनपद पंचायत ओड़गी के बिहारपुर कार्यालय में कैंप के संचालन के लिए तैयारी सुनिश्चित कर ली है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 10 से संध्या 5 बजे तक जनपद कार्यालय ओड़गी के कैंप कार्यालय बिहारपुर में क्षेत्र वासियों के समस्याओं के समाधान के लिए कैंप का आयोजन होगा। जिसमें समस्त विकासखंड स्तर के अधिकारी कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन, प्रचार प्रसार एवं जन-साधारण से प्राप्त समस्याओं का निराकरण करेंगे।





## बंधक बनाकर नकदी सहित सामान की लूट, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम पंचायत जुड़वानी गवटियापारा में बीती रात हथियारबंद नकाबपोश युवकों ने धावा बोलकर घर वालों को बंधक बनाते हुए नगदी सहित कीमती सामान लूटकर ले गए हैं। घटना के बाद से क्षेत्र में भय व्याप्त हो गया है। जानकारी के अनुसार लटोरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जुड़वानी गवटियापारा निवासी प्रार्थी दिगंबर सिंह पिता अजीत सिंह के घर में बीती रात करीब 11 बजे 4 नकाबपोश हथियारबंद चार लोग प्रवेश कर गए। यहां पर आरोपियों द्वारा लूटपाट की घटना को अंजाम दिए जाने के उद्देश्य से जब गहना व नगदी की मांग की गई, तब प्रार्थी द्वारा आरोपियों के साथ झड़प हो गई। इसके पश्चात आरोपियों ने प्रार्थी के सिर पर हमला कर दिया और उसके दोनों हाथों को पीछे बांधकर दूसरे कमरे में ले गए, जहां उसकी दादी रजमेन थी। आरोपियों द्वारा यहां पर वृद्ध महिला के भी दोनों हाथों को पीछे बांध दिया गया और वृद्धा से गहने व नगदी के संबंध में पूछताछ की गई। साथ ही शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी गई। धमकी से भयभीत वृद्धा ने अपना व परिवार का जान बचाने भयवश पेटी की चाभी आरोपियों को थमा दी। इसके पश्चात आरोपियों द्वारा पेटी में रखे करीब दो हजार रुपए नगदी सहित चार नग कांस की थाली, पांच नग कांस का लोटा, एक नग सोने के नाक का कील व एक नग बकरा को साथ ले गए। बताया जा रहा है कि आरोपियों द्वारा घटना को अंजाम देने के बाद प्रार्थी व उसके परिवार को घर में ही बंद कर बोलेरो वाहन में बैठकर फरार हो गए। आरोपियों द्वारा घटना के दौरान सरगुजिहा भाषा का ही प्रयोग किया जा रहा था। लूटपाट की घटना को अंजाम देने के दौरान एक नकाबपोश व्यक्ति प्रार्थी व उसके दादी के पास था और तीन अन्य आरोपी कमरे में पेटी का ताला खोलकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिए थे। मामले की सूचना प्रार्थी द्वारा लटोरी चौकी में दर्ज करा दी गई है। पुलिस द्वारा मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 380, 458, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में बुजुर्ग को छोड़कर भाग गए 108 के कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अस्पताल में बिना किसी सूचना के भर्ती कराए गए बुजुर्ग का प्रबंधन द्वारा उपचार करने के साथ ही उसकी देखरेख कर मानवता की मिशाल पेश की गई है। बुजुर्ग को संजीवनी 108 के कर्मचारी बिना कोई सूचना दिए वार्ड में छोड़कर फरार हो गए थे। फिलहाल बुजुर्ग का उपचार जारी है और उसकी देखभाल की जा रही है। इस घटना से एक तरफ अस्पताल प्रबंधन के कार्यों की सराहना हो रही है तो वहीं दूसरे ओर संजीवनी 108 एम्बुलेंस के कर्मचारियों की कार्यशैली पर सवाल भी उठाए जा रहे है। बताया जा रहा है आज सुबह संजीवनी 108 एम्बुलेंस के कर्मचारी एक बुजुर्ग को राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में बिना किसी सूचना के छोड़कर चले गए थे। बुजुर्ग लावारिश हालत में आपातकालीन कक्ष में पड़ा हुआ था। इस दौरान निरीक्षण पर निकले अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या की नजर जब बुजुर्ग पर पड़ी तो उन्हें बुजुर्ग के बारे में जानकारी मांगी लेकिन कोई भी सही जानकारी निकलकर सामने नहीं आई। पूछताछ में पता चला कि एम्बुलेंस के कर्मचारी बुजुर्ग को वार्ड में छोड़कर चले गए थे। ऐसे में अधीक्षक ने तत्काल बुजुर्ग की साफ सफाई करने के साथ ही उन्हें भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश कर्मचारियों को दिए इसके साथ ही बुजुर्ग की जांच कर संबंधित विभाग में भर्ती कर उपचार करने का निर्देश दिया गया। बुजुर्ग की उम्र लगभग 70 वर्ष बताई जा रही है। अस्पताल में आज मानव सेवा का फर्ज निभाते हुए कर्मचारियों द्वारा बुजुर्ग की साफ सफाई करने के साथ ही उन्हें गर्म भोजन उपलब्ध कराया गया। बता दें कि अस्पताल में मरीजों को लावारिश छोड़कर भागने का यह कोई पहला मामला नहीं है। अस्पताल में आए दिन परिजन मरीज को अस्पताल में छोड़कर भाग जाते है तो कभी 108 एम्बुलेंस के लोगों द्वारा मरीज को लाकर अस्पताल में छोड़ दिया जाता है और इसकी जानकारी प्रबंधन को नहीं दी जाती है। ऐसे में अस्पताल प्रबंधन द्वारा ऐसे लोगों का उपचार करने के साथ ही उचित देखभाल की जाती है। आज इस कार्य के लिए मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. रमनेश मूर्ति एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर सी आर्या ने कर्मचारियों के इस कार्य के लिए खूब सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी अज्ञात मरीज हमारे अस्पताल में आए तो इसकी देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है और निरंतर मानवता के नाते हमेशा इस नेक कार्य को जारी रखना है।

- प्रबंधन द्वारा मानवता का परिचय देते हुए कराया गया भोजन, किया जा रहा उपचार

## सीएम विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण का साक्षी बना सरगुजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सत्ता परिवर्तन के बाद आज सरगुजिहा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की बागडोर संभाल ली है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व कई राज्यों के सीएम की मौजूदगी में नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री व जशपुर जिले के कुनकुरी से विधायक विष्णुदेव साय ने अपने दो डिप्टी सीएम अरुण साव व विजय शर्मा के साथ पद व गोपनीयता की शपथ ली। प्रदेश के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने उन्हें शपथ दिलाई। बड़ी बात यह है कि शपथ ग्रहण के समारोह का आज पूरा प्रदेश साक्षी बना। शपथ ग्रहण समारोह का प्रशासन द्वारा प्रदेशभर में सीधा प्रसारण किया गया जहां भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ ही आम नागरिक व अधिकारी शामिल हुए। सरगुजा संभाग को पहली बार प्रदेश की कमान मिलने के बाद कार्यकर्ताओं के साथ ही आम नागरिकों में भारी उत्साह का माहौल है। भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने आज जश्न मनाने के साथ ही मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। बता दें कि विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली एकतरफा जीत व पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सरगुजा संभाग ने बड़ी भूमिका निभाई है। पिछली बार जिस तरह सरगुजा से सीएम की आस में जनता ने कांग्रेस को 14 सीटें दी थी उसी तरह इस बार भी सरगुजा से सीएम की आस में जनता ने भाजपा को 14 की 14 सीटें दी है। सरगुजा संभाग के 14 विधानसभा सीटों में भाजपा को मिली एकतरफा जीत के बाद भाजपा ने भी प्रदेश की सरकार का जिम्मा संभाग को दिया प्रदेश के मुखिया की कमान जशपुर जिले के कुनकुरी से विधायक विष्णुदेव साय को सौंपी है। प्रदेश में सरगुजिहा सरकार के गठन से लोगों में उत्साह का माहौल है। आज सीएम के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर सरगुजा जिला के साथ ही संभाग भर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी रायपुर गए हुए थे वहीं सीएम के शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालयों के साथ ही जनपद स्तर पर किया गया। सरगुजा जिले की बात की जाए तो शहर के पीजी कॉलेज स्थित ऑडिटोरियम में सीएम के शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं व जनता के साथ ही अधिकारी कर्मचारी कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं जनपद पंचायतों के पंचायत भवन में भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान जिला स्तरीय कार्यक्रम में संभागायुक्त श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर कुन्दन कुमार, एसपी सुनील शर्मा, ननि आयुक्त अभिषेक कुमार, सीईओ जिपं नूतन कंवर, अपर कलेक्टर सुनील नायक, एएल ध्रुव, एसडीएम फागेश सिन्हा सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**खास बात**

- पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं के साथ ही नागरिक पहुंचे कार्यक्रम में, दिखा उत्साह



### युवाओं और महिलाओं ने साझा किए अपने अनुभव

पीजी कॉलेज आडिटोरियम में मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह के लाइव प्रसारण को देखने पहुंची स्वच्छता दीदियों ने अवसर पर मुख्यमंत्री से अपनी आशाएं और उम्मीदें साझा की। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि आज मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में हम सभी शामिल हुए और हम आशा करते हैं कि उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ और विकास करे और हम पूरी स्वच्छता दीदियों की तरफ से उन्हें बहुत-बहुत बधाई। जिले के युवाओं ने भी छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस अवसर पर जिले से जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक करता राम गुप्ता, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, अभिषेक शर्मा, मुरारी लाल बंसल, दीपक गर्ग, आकाश सोनी, मयंक जायसवाल, विनोद दुबे, रूपेश दुबे, निशांत सिंह सोलू सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## घुरिये के जन्मदिन पर हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पीजी कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग द्वारा समाजशास्त्री डॉ. जीएस घुरिये के जन्मदिवस के अवसर पर उनके समाजशास्त्रीय योगदान पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय कन्या महाविद्यालय से डॉ. श्वेता कुमारी शामिल हुई। पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला ने समाजशास्त्र में डॉ. जीएस घुरिये के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वे ऐसे प्रथम भारतीय समाजशास्त्री थे जिन्होंने पश्चिमी देशों में समाजशास्त्र के विश्लेषण को भारतीय सांस्कृतिक पारंपरिक परिप्रेक्ष्य में देखते हुए उसकी मीमांसा की क्योंकि भारत और पश्चिमी देशों की सामाजिक दशाएं, परिस्थितियां काफी भिन्न होती हैं । डॉ. घुरिये ने भारतीय परिप्रेक्ष्य मेथाडोलॉजी प्रस्तुत की जो मील का पत्थर साबित हुई। मुख्य वक्ता डॉ. श्वेता ने छात्र-छात्राओं को डॉ घुरिये के सिद्धांतों को सरल शब्दों में समझाया और छात्र-छात्राओं के सभी प्रश्नों और जिज्ञासा व शंकाओं का समाधान भी किया। इसके अलावा विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीमती प्रतिभा सिंह ने भी डॉ. जीएस घुरिये के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप एक्का ने भी संबोधित किया वहीं कार्यक्रम का संचालन छात्र शिवम सिंह ने किया।



## पीईकेबी खदान शुरू कराने की मांग, विधायकों को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** पीईकेबी खदान के नियमित संचालन के लिए जिले के प्रभावित ग्रामीणों ने क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायकों को रायपुर में ज्ञापन सौंपा है। उदयपुर विकासखण्ड अंतर्गत एक मात्र खदान के नियमित संचालन के लिए ग्राम पंचायत परसा, साल्ही, बासन, फतेहपुर, घाटबर्रा, जनार्दनपुर सहित अन्य गांव के ग्रामीणों से हस्ताक्षरित ज्ञापन लेकर एक समूह द्वारा मंगलवार को रायपुर पहुंचा। समूह में शामिल ग्राम साल्ही के मोहन पोर्ते तथा रघुनन्दन पोर्ते, घाटबर्रा के अहिवरण मरकाम, फतेहपुर के केश्वर सिंह पोर्ते और हरिहरपुर के राजेश्वर दास सहित अन्य ग्रामीणों के एक समूह ने अंबिकापुर क्षेत्र के विधायक राजेश अग्रवाल तथा प्रेमनगर क्षेत्र के विधायक भूलन सिंह मरावी से मुलाकात की। उन्होंने श्री अग्रवाल तथा श्री मरावी को ज्ञापन सौंपा।



## खबर संक्षेप

### जर्जर पीपल के वृक्ष से खतरे का बना अंदेशा

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर के बस स्टैण्ड में स्थित वर्षो पुराना पीपल का वृक्ष अब धराशायी होने की कगार पर है और गंभीर खतरे का सबब बना हुआ है। इस पुराने वृक्ष की स्वतः टूटकर गिरती शाखे लोगों को चोटिल कर चुकी हैं साथ ही आवागमन में बाधा भी पैदा करती रही। पुराना पेड होने के कारण इसकी जडें आसपास के मकानों को क्षतिग्रस्त करने के साथ साथ वहां बने नाली को भी प्रभावित कर रहा है और इससे निजात दिलाने कई बार नगर पंचायत के स्वच्छता कर्मी जडों को काट भी चुके हैं इसके बावजूद भी वह नाली को प्रभावित कर रहा है। इस तथ्य को लेकर समीपस्थ रहवासियों ने उक्त पेड को हटाने की मांग की है जिसमें नगर पंचायत के लोगों ने काट कर हटाने की नसिहत देते हुए अपनी सहमति जताई है।

### भूमि के मुआवजे की दावा आपत्ति 20 तक

**रायगढ़।** घरघोड़ा से डोंगामहुआ स्पर लाईन 0.28 किलोमीटर पूरक 42.812 हेक्टेयर छाल फीडर लाईन पूरक 1, 0.506 हेक्टेयर एवं खरसिया से कारीछापर 0.45 किलोमीटर पूरक. 0.376 ईस्ट रेल कारीडोर, जिला रायगढ़ के लिए भू अर्जन हेतु भारतीय रेल अधिनियम 1989 संशोधित की धारा 20 ई के अधीन अधिसूचना का प्रकाशन भारत के राजपत्र में 3 जुलाई को तथा स्थानीय समाचार पत्र में 15 जुलाई 2023 को किया गया है। उपरोक्त परियोजना से प्रभावित तहसील तमनार जिला रायगढ़ के ग्राम चितवाही, भालमुड़ा, रोडोपाली ढोलनारा, खम्हरिया, मिलूपारा, खर्रा एवं कटंगडीह की प्रभावित भूमि एवं उस पर स्थित परिसंपत्तियों का मूल्यांकन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु कार्यालयीन आदेश 25 जुलाई के माध्यम से संयुक्त दल गठित किया गया था। संयुक्त दल द्वारा 4 दिसम्बर को प्रभावित भूमि एवं उस पर स्थित परिसंपत्तियों का मूल्यांकन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसकी प्रति संलग्न है तथा कार्यालयीन वेबसाइट में भी उपलब्ध है। यदि किसी प्रभावित व्यक्ति खातेदार को उपरोक्त मूल्यांकन पर कोई दावा आपत्ति हो तो 20 दिसम्बर तक कार्यालयीन समयावधि में अपर कलेक्टर रायगढ़ एवं सक्षम अधिकारी रेल परियोजना रायगढ़ के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा.आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### शपथ ग्रहण का पुसौर में लाइव प्रसारण

**पुसौर।** रायगढ़ लोकसभा के पूर्व सांसद विष्णुदेव साय ने 13 दिसंबर को राजधानी रायपुर में जैसे ही मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, पुसौर में इस समारोह का लाइव प्रसारण देख रहे लोग खुशी से झूम उठे। नगर पंचायत पुसौर में नगरवासी ही नहीं बल्कि क्षेत्र के लोगों ने आकर शपथ ग्रहण समारोह को टीवी पर देखा। इस समारोह को लेकर कुछ लोगों का मानना है कि जिस तरह चुनाव के समय प्रत्येक गांव से लोगों की भीड जुटाने वाहन सहित अन्य व्यवस्था होती रही है उसी तर्ज पर शपथ ग्रहण समारोह में भी होना था इसमें कम से कम सभी ग्रामों के बुथ अध्यक्षों को इसमें शामिल होना जरूरी समझा जा रहा है चूंकि इन्हीं के कारण ही आज प्रदेश में भाजपा के पक्ष में वोट का प्रतिशत बढा है। नगर पंचायत कार्यालय शपथ ग्रहण समारोह को दिखाने की व्यवस्था देने नगर अध्यक्ष रितेश थवाईत, नेता प्रतिपक्ष उमेश साव सहित कार्यालयीन स्टाफ प्रयासरत रहे।

### जरूरतमंद को भाजयुमो नेता ने किया रक्तदान

**रायगढ़।** भाजयुमो का सर्वप्रथम कार्य मानव धर्म करना बुजुर्गों की सेवा करना समस्त धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाने एवं जैसे जैसे लोगों को ब्लड की आवश्यकता पड़ती है चाहे वह डेंगू रोग हो या सिकलिन या कोई और बिमारी भाजयुमो के सदस्य लगातार रक्तदान करने के लिए तत्पर रहते हैं पिछले 5 वर्षों में लगभग हजारों यूनिट भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने मानवता धर्म निभाते हुए रक्तदान किए हैं। भाजयुमो पुसौर मण्डल उपाध्यक्ष परेश गुप्ता लगातार इन कार्यों में हमेशा तत्पर रहते हैं। इसी क्रम में भाजयुमो श्रवण कुमार बारीक ने एक महिला को रक्तदान कर अपनी महानता का परिचय दिया।

## आतिशबाजी की तैयारी किए बैठे ओपी समर्थकों में व्यग्रता

# नई सरकार में कैसे बढ़ेगा रायगढ़ का ओहदा, लोगों की ओपी से आस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लंबे इंतजार के बाद प्रदेश को नए मुख्यमंत्री मिल गए लेकिन लोगों की जुबां पर अब एक ही सवाल है कि नई भाजपा सरकार में रायगढ का ओहदा क्या बढ़ पाएगा। पूर्ववर्ती सरकार में जिले से कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। इस बार भी लोगों की उम्मीद नए मंत्रिमंडल में स्थान मिलने की उम्मीद लगी हुई है।

विधानसभा चुनाव में जिले में भाजपा केवल रायगढ विधानसभा सीट पर जीत दर्ज की है। विजयी प्रत्याशी ओपी चौधरी का नाम शुरु में डिप्टी सीएम की रेस में रहा। ओपी का यह दूसरा चुनाव था और स्वयं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हे सरकार में चौधरी बनाने का वादा किया था। वहीं ओपी चौधरी के चुनाव जीतने के बाद से ही समर्थक आतिशबाजी की तैयारी किए उनके मंत्री बनने की घोषणा की व्यग्रता से प्रतीक्षा कर रहे हैं। यद्यपि मुख्यमंत्री समेत दो उप मुख्यमंत्रियों के नाम का एलान हो चुका है और ओपी डिप्टी सीएम की रेस से बाहर हो चुके हैं किंतु केबिनेट मे उनके स्थान मिलने की पक्की संभावना बताई जा रही है।

### लोकसभा चुनाव की छाया रहेगी मंत्रिमंडल पर

प्रदेश में गठित होने वाले नए मंत्रिमंडल पर आगामी लोकसभा चुनाव की छाया रहना तय माना जा रहा है। इस कारण मंत्रिमंडल गठन में रायगढ जिले के जातीय समीकरण को साधते हुए मंत्री पद दिए जाने की उम्मीद है। भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मंत्री बनाते समय जिले के जातीय संतुलन को साधने का प्रयास कर सकती है। इस लिहाज से रायगढ जिले को पूर्व की तरह मंत्री पद मिल सकता है। इसके अलावा सरकार के मंडल और आयोग के गठन मे भी जिले को जगह मिल सकती है।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी के लिए आयुक्त ने सीएमओ को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासन के निर्देशानुसर विकसीत भारत संकल्प यात्रा का आयोजन नगर निगम सहित जिले के सभी नगरीय निकाय में होगा। कार्यक्रम की तैयारी शासन के गाइड लाइन अनुसार नगरीय निकाय के सभी सीएमओ सुनिश्चित करेंगे।

उक्त बातें निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बुधवार की शाम कार्यक्रम के संबंध में आयोजित वीडियों क्रांफ्रेसिंग में जिले के सभी नगरीय निकाय के सीएमओ को कही। कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने बैठक में सबसे पहले कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी। कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने कहा कि कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू आयोजन के लिए सभी नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एक नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे। कार्यक्रम के आयोजन सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम स्थल का चयन और वहां टेंट विभिन्न विभागों की बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान शासन के गाईड लाइन के अनुसार कार्यक्रम के दौरान सभी विभागों का स्टाल होगा, जहां गाइड लाइन के अनुसार केंद्र व राज्य शासन के विभिन्न योजना जैसे पीएम उज्जवला योजना, पीएम स्वनिधी योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, आयुष्मान भारत योजना, स्टार्टअप एवं स्टैंडअप योजना, पीएम बस योजना, अमृत मिशन योजना आदि के लिए हितग्राही आवेदन कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत श्रमदान से कार्यक्रम स्थल अन्य जगहों में सफाई करने के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने जिले सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को कार्य के गाइड लाइन का अक्षरशः पालन करने और कार्यक्रम निकाय क्षेत्र में बेहतर प्रचार प्रसार करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जिले के सभी निकायों के सीएमओ स्वच्छ भारत मिशन प्रेरक प्रहलाद तिवारी, शहरी विकास अभिकरण लिपीक जीवर्धन चौहान उपस्थित थे।



# स्वच्छता अभियान के तहत पोरथ मंदिर परिसर की सफाई



**सारंगढ़।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के गावों में स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया। बरमकेला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत पोरथ के शिव मंदिर परिसर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान के नेतृत्व में सुबह साफ सफाई किया गया और लोगो को स्वच्छता के लिए शपथ दिलाकर सफाई व्यवस्था के लिए प्रेरित किया गया। पोरथ धाम में स्थित शिव मंदिर परिसर का साफ सफाई और इसके धार्मिक और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान के नेतृत्व में कई मतदाता जागरूकता और सफाई कार्यक्रम किया गया है।

इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के हर ग्राम पंचायत में हर सप्ताह के शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाकर गांव के लोगो को भी साफ सफाई के लिए प्रेरित कर पूरे जिले में सफाई अभियान चलाना हमारा मूल उद्देश्य है।

## झारखंड से धान लाते पकड़े गए चार वाहन

**बलरामपुर।** धान खरीदी के बीच पड़ोसी राज्यों से अवैध धान आने का सिलसिला भी जारी है। तस्कर अवैध रूप से धान खपाने के प्रयास में लगे हुए है लेकिन प्रशासन द्वारा गठित टीम उनके मंसूबों को नाकाम कर रही है। टीम द्वारा पुनः चार वाहनों से 210 बोरी अवैध धान जब्त किया गया है। धान को झारखंड से लाया जा रहा था और समितियों में खपाने की योजना थी। टीम द्वारा फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि धान खरीदी शुरू होने के साथ ही जिले में तस्कर व बिचौलिए भी सक्रिय हो गए है और अवैध रूप से धान खपाने का प्रयास कर रहे है। ऐसे में कलेक्टर आर एक्का के निर्देश पर निगरानी दलों, नोडल अधिकारियों व राजस्व अधिकारियों की टीम गठित की गई है ।

# चिरायु दल ने विद्यालय में किया विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- स्वास्थ्य परामर्श के साथ बांटी गई नि:शुल्क दवा

एनएसएस इकाई शास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तारापुर के स्वयंसेवकों की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग के चिरायु दल द्वारा दिनांक 14 दिसंबर को छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाई वितरण कार्य किया गया एवं प्रशिक्षण उपरांत आवश्यकतानुसार छात्र छात्राओं को विशेषज्ञ डॉक्टर से इलाज हेतु परामर्श भी दिया गया लोईंग स्वास्थ्य केन्द्र चिरायु दल के डॉ. कृष्ण कमल चौधरी एएमओ डॉ. अनीता चंन्द्रा एएमओ के नेतृत्व में फार्मासिस्ट श्वेता पटेल उप स्वास्थ्य केंद्र तारापुर के सीएचओ राकेश सिदार द्वारा विद्यालय के छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण किया गया। चिरायु दल के प्रतिनिधि चिकित्सक डॉ कृष्णकमल चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के नियमित कार्यक्रम के तहत विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर छात्र छात्राओं को उनके स्वास्थ्य का परीक्षण करते हुए शरीर में रक्त की स्थिति, कमजोरी, सिकल सेल एवं अन्य बीमारियों से संबंधित लक्षण मिलने पर उचित परामर्श तथा निःशुल्क दवा दिया जाता है इसी कड़ी में एनएसएस के कुशल व्यवस्थापन में आज तारापुर हायर सेकेंडरी स्कूल एवं मिडिल स्कूल के ढाई सौ से अधिक छात्र छात्राओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें प्रभारी प्राचार्य भोजराम पटेल के सरंक्षण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मंजू पटेल के निर्देशन में एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ विद्यालय के एनसीसी ऑफिसर किरण कुमार पटेल व्याख्याता श्रीमती चंद्रकांता सिदार ज्योति देवांगन, नीलम मालाकार, रीता चौहान, प्रधान पाठक कुमार साहू, सुधाबाला नायक, श्रीमती किरण पटेल, मनोज कुमार, सरिता पटेल, बड़े बाबु शंकर यादव इत्यादि शिक्षक. शिक्षिकाओं की भी सहयोगात्मक भागीदारी रही।







# एड्स जागरूकता लाने छात्र छात्राओं ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

एड्स दिवस पखवाड़ा 1 से 15 दिसंबर तक अन्तर्गत महाविद्यालय में छात्र छात्राओं द्वारा पोस्टर, स्लोगन एवं रैली निकाल कर एड्स संबंधी जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

डॉ भंवर सिंह पोर्ते काल एमहाविद्यालय घरघोड़ा के रेड क्रॉस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ रासेयो प्रकोष्ठ के कार्यक्रम समन्वयक डॉ सुशील कुमार एक्का एवं जिला संगठक भोजराम पटेल के दिशा निर्देशानुसार एवं शासी निकाय समिति अध्यक्ष अरूण कुमार पंडा के संरक्षण तथा प्राचार्य डॉ जगदीश तिर्की के मार्गदर्शन से राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एस एल साहू के कुशल नेतृत्व में ग्राम चुहकीमार में एड्स जनजागरुकत रैली का आयोजन किया गया।रैली में कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा पोस्टर, फ्लैक्स में लिखे नारे, ड्रॉइंग के माध्यम एवं एड्स जागरूकता नारे लगाकर ग्रामीणों को एड्स के प्रति जागरूक किया गया। पोस्टर मेकिंग में सहा प्रा कु पदमिनी भोय, कु मोनिका लकड़ा एवं आकाश चौहान का विशेष मार्गदर्शन एवं योगदान रहा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ से रेड क्रॉस प्रभारी सहा प्रा अजय कुमार मिश्र, सहा प्रा मयंक त्रिपाठी, अजीत किंडो, रामप्यारे सूर्यवंशी, सतीश खलखो, श्रीमती भारती साहू, श्रीमती मानसी मिश्रा, श्रीमती बबिता साहू, दीपक सिंह ठाकुर एवं मोहित सिदार से साथ स्वयं सेवकों में बोध राम चौहान, लाल कुमार प्रधान, बजरंग, अनिल, भुनेश्वरी, रेशमा, ममता, सोनकुमारी, भोजमति, शांति, लक्ष्मण आदि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा प्रचार रथ की पुसौर में अगवानी

**पुसौर।** कृषि जिला मुख्यालय रायगढ से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना रबी 2023-24 के बेहतर एवं सुगमता पूर्वक क्रियान्वयन कंपनी भारतीय कृषि बिमा कंपनी लिमिटेड के माध्यम से बीमा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है जो बिते दिनांक को पुसौर पहुंचा जिसकी अगवानी पुसौर के कृषि विभाग प्रमुख आरके पटेल सहित अन्य आरईओ लोगों ने किया।

इस रथ के आने की सूचना सभी कृषकों को किया गया था जो ठीक मौके पर आकर कृषकों ने इसे देखा। आए हुए उक्त कृषकों के बीच शिविर लगाकर इस तथ्य को उक्त संबंध में अवगत कराया गया। जानकारी के मुताबिक ग्राम छिछोर उमरिया, पडिगांव, लोहरसिंह, बाघाडोला, पुसौर सहित आसपास के अन्य ग्राम के किसान गण मौजुद रहे जिन्होंने फसल बीमा के बारे में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रोहित पटेल से सीधा संवाद किया जिसमें उन्होंने अनिवार्य दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दी। ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम में आरईओ में मनीषा राठौर, सोभित केरकेट्टा दाशरथी सिदार, बीटीएम शैल पाण्डेय, एटीएम अनुसुईया साव सहित अन्य सहकर्मी मौजूद रहे।



बीमा रथ के अगुवानी के लिए मौजूद कृषि विभाग के अधिकारी।



# कन्या शाला में मनाया गया राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला घरघोड़ा में 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर छात्राओं के मध्य पोस्टर प्रतियोगिता एवं ऊर्जा संरक्षण पर चर्चा परिचर्चा का आयोजन किया गया।

जिसमें छात्राओं ने प्राकृतिक एवं कृत्रिम उर्जा को संरक्षित रखने एवं उसका सदुपयोग करने के दृष्टिकोण से शिक्षकों के साथ परिचर्चा में भाग लिया। जिसमें इस दिशा में अपनी जिम्मेदारी तय करते हुए ऊर्जा को सुरक्षित संरक्षित रखने की बात कही। प्रकृति में ऊर्जा के सीमित भंडार को बढ़ते विकास एवं बढ़ते आवश्यकताओं के मध्य ऊर्जा के महत्व को समझते हुए इनको संरक्षित किया जाना आज की आवश्यकता बन पड़ी है। पोस्टर एवं अन्य प्रतियोगिता में। सहभागिता निभाने वाले प्रतिभागी छात्राओं को संस्था के प्रधानपाठक अखिलेश मिश्रा प्राचार्य हरीश चंद्र बेहरा ने प्रोत्साहित करते हुए ऊर्जा संरक्षण के संबंध में जानकारी दी। ऊर्जा सरंक्षण दिवस में प्रतिभागी छात्राओं को सुभाशिनी पटनायक ज्योति निवेदिता सिंह अंजू भगत ने कहा की ऊर्जा सरंक्षण से तात्पर्य ऊर्जा का कम से कम दैनिक जीवन में उपयोग करना बताया। कार्यक्रम का संयोजन करते हुए शिक्षक विजय पंडा ने ऊर्जा को बचाना है आने वाले कल को खुशियों से सजाना है का संदेश दिया एवं छात्राओं से कहा अपने जीवन में ऊर्जा को संरक्षित करने के छोटे छोटे किंतु महत्वपूर्ण प्रयास जारी रखने चाहिए। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं घर विद्यालय में अनावश्यक ऊर्जा की खपत को रोकने की दिशा में कदम बढ़ाने का संकल्प लिया।

# नई चेतना जेंडर अभियान 2.0 का हो रहा आयोजन

**रायगढ़।** लिंग आधारित भेदभाव, घरेलू हिंसा पर ग्रामीण परिवारों में समझ विकसित करने के लिए भारत सरकार के द्वारा राष्ट्रीय अभियान नई चेतना जेंण्डर अभियान 2.0 प्रारंभ किया गया है। 25 नवम्बर 2023 से इस कार्यक्रम की शुरूवात की गई है। एनआरएलएम राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत नई चेतना जेण्डर अभियान 2.0 के क्रियान्वयन छग राज्यों में 04 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक किया जा रहा है। सहेगे नही आदर्श शैलीयां तोड़ेगे अभियान का टैग लाईन है। इस अभियान के तहत जनपद पंचायत रायगढ़ के संकुल स्तरीय संगठन, ग्राम संगठन, समूहों ने मिल कर शपथ ग्रहण हस्ताक्षर अभियान, दिवाल लेखन, इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया। यूनिसेफ संस्था के सहयोग से यह कार्यक्रम संचालित है। बिहान योजना की महिलाओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



## चक्रधर नगर में की गई साफ-सफाई

**रायगढ़।** नगरीय निकाय द्वारा चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान के तहत रायगढ़ निगम क्षेत्र के अलग अलग स्थान पर सात दिवसीय विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सुबह 9 बजे से चक्रधर नगर चौक में सफाई कार्य किया गया एवं राजा चक्रधर सिंह जी के प्रतिमा को भी धुलाई किया गया। चक्रधर नगर चौक जगह जगह पड़े हुए कचरे को भी उठाया गया। चक्रधर नगर चौक के अलावा टीवी टावर रोड़ में बने डिवाइडर की सफाई एवं पेड़ो का छटिंग कार्य किया गया।

## शैक्षणिक उपलब्धियों पर हुआ सर्वेक्षण

# रायगढ़ एवं सारंगढ़ जिले के 606 विद्यालयों में सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

परख द्वारा राज्य शैक्षिक उपलब्धि सर्वेक्षण कराया गया यह सर्वे मूलभूत, प्रारंभिक और मध्य चरणों के अंत में दक्षताओं के विकास में आधारभूत प्रदर्शन को समझने के लिए आयोजित किया गया 13 दिसंबर को आयोजित राज्य शैक्षिक उपलब्धि सर्वेक्षण का सफल समापन, यह सर्वे ब्लॉक स्तर पर ग्रेड 3, 6 और 9 के छात्रों के बीच शैक्षिक दक्षताओं के मूल्यांकन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

इस व्यापक सर्वेक्षण में रायगढ़ एव इससे अलग होकर बने नवीन जिले सारंगढ़ बिलाईगढ़ के शासकीय, प्राइवेट, अर्धशासकीय, अनुदान प्राप्त समस्त प्रकार के विभिन्न शालाओं के छात्रों को शामिल किया गया। इसमें शिक्षक और डाइट के प्रशिक्षार्थियों और क्षेत्रीय जांचकर्ता की तैनाती फिल्ड इन्विजिलेटर के रूप मे हुई थी। इस सर्वे मे रायगढ़ जिले के कुल 418 विद्यालय के 11725 बच्चों का और सारंगढ़ जिले से 188 विद्यालय के 5274 बच्चों का सर्वे किया गया जिसके लिए 606 फिल्ड इन्विजिलेटर को रखा गया था। इस सर्वेक्षण का प्राथमिक उद्देश्य भाषा और गणित पर प्राथमिक ध्यान देने के साथ प्रत्येक शैक्षिक चरण के अंत में, यानी बुनियादी, प्रारंभिक और मध्य में छात्रों की सीखने की दक्षता का आकलन करना है। छात्रों की दक्षताओं का आकलन करने के लिए उपकरण वैज्ञानिक प्रक्रियाओं का उपयोग करके डिजाइन किए गए थे, जबकि मूल्यांकन पद्धति ने डेटा कैप्चर और विश्लेषण के लिए ओएमआर तकनीक के साथ कागज-कलम-आधारित दृष्टिकोण को नियोजित किया, जिसने डेटा अधिग्रहण और सत्यापन की सटीकता और दक्षता सुनिश्चित की। यह सर्वे राष्ट्रीय एव राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के मार्गदर्शन एव जिला शिक्षा एव प्रशिक्षण संस्थान धर्मजयगढ़ मे संचालित किया गया इसमे डाइट के प्रचार्य एव डाइट के समस्त व्याख्याता गण एव डाइट के प्रशिक्षार्थियों का विशेष योगदान रहा।



सर्वे के दौरान विद्यालय में मौजूद विद्यार्थी व सर्वेयर।

